
# चोरी व नकबजनी की वारदात का खुलासा, माल बरामद

**बांसवाड़ा,** (निसं)।राजतालाब थाना पुलिस ने मात्र तीन घंटे में एटीएम चोरी के प्रयास व तोडफोड, श्रीराम मंदिर व हनुमान मंदिर के साथ ही सेनेट्री की दुकान में चोरी व नकबजनी की चार वारदातों का मात्र तीन घंटे में खुलसा करते हुए न केवल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है वरन् चोरी हुए आभूषण भी बरामद कर लिये हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी व पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड तथा थानाधिकारी रामरुपा मीणा ने पत्रकारों को बताया कि रात तीन एवं सुबह साढे चार बजे के मध्य बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम में चोरी के प्रयास से तोडफोड की गयी वहीं श्री राम व हनुमान मंदिर के साथ ही सेनेट्री की दुकान में चोरी की वारदाते हुई। इन वारदातों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह, एएसपी कानसिंह भाटी, वृत्ताधिकारी सूर्यवीर सिंह राठौड व राजतालाब थानाधिकारी रामरुप मीणा मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और तत्काल टीमों का गठन कर अज्ञात बदमाशान की तलाश प्रारंभ की। इस टीम ने मुखबीर से सूचना मिलने पर विजयपाल उर्फ टाईमपास पुत्र वागुडा निनामा निवासी कूपडा, थाना पीपलखूंट व मुकेश पुत्र मदन वागरी निवासी कॉमर्शियल कॉलोनी को डिटेन कर पूछताछ की।


राजतालाब थाना पुलिस ने चोरी की वारदात के दो आरोपी गिरफ्तार किये।

विजयपाल उर्फ टाईमपास से चारों वारदातों को अंजाम देना कबूल किया और कुछ माल मुकेश वागरी को देना बताया जिस पर दोनों के कब्जे से भगवान की मूर्तियों के 5 मुकुट, 1 कुंडल आभूषण व दानपात्र बरामद किये। अभियुक्तों ने अन्य वारदातें करना भी स्वीकार किया है। एएसपी भाटी ने बताया कि मंदिर में पुजारी की गलती से पीछे का गेट खुला रह गया था। जिस पर आरोपी ने मंदिर में प्रवेश किया एवं वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पूर्ववर्त्ती आचरण को देखते हुए आरोपियों की तलाश शुरु की वहीं कांस्टेबल इन्द्रजीत सिंह के संपर्कों का भी वारदात का खुलासा करने में फायदा मिला। कार्यवाही से हनुमान मंदिर मंडल श्री राम कॉलोनी के वासिन्दे न केवल खुश नजर आये वरन् उन्होंने राजतालाब थाने पर पहुंचकर भाटी, राठौड एवं थानाधिकारी मीणा का स्वागत किया। बताया जाता है कि आरोपी लावारिस है और कबाडी का सामान बेचता है और फुटपाथ पर ही सोता है।

## सार-समाचार

### हिंदू नववर्ष मनाया




**मंडफिया,** (निसं)। नव वर्ष उत्सव समिति की महिलाओं द्वारा पहली बार विभिन्न आयोजन कर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष का उत्सव धूमधाम से मनाया गया।श्री सांवलिया जी मंदिर परिसर में सुबह मंगला आरती के बाद महिलाओं ने मंदिर के सिंह द्वार चौक में रंगोली बनाकर दीपक जलाए। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा कस्बे में मंगल गीत गाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। नव वर्ष उत्सव समिति की महिलाओं के द्वारा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को तिलक लगा कर मिश्री एवं नीम का प्रसाद वितरण किया गया और एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उत्सव समिति की किरण सोनी, अपर्णा शर्मा, तृप्ति तिवारी, उपसरपंच रश्मि जैन, शांता रैगर, कोशल्या डाड, चंदा सोनी, रंजना तिवारी, हर्षिता तिवारी, रामा सोनी, सोनल सोनी आदि उपस्थित रही।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

**भीम,** (निसं)। राजस्थान रावत राजपूत शाखा सभा मुम्बई का विशेष अधिवेशन वेलापुर स्थित मां आशापुरा माता नव निर्मित मंदिर परिसर में मुम्बई अध्यक्ष बलवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा प्रदेशाध्यक्ष नाथूसिंह चौहान थे। विशिष्ट अतिथि महासभा महामंत्री नारायणसिंह बग्गड़, उप महासभा अध्यक्ष मानसिंह, बड़ौदा शाखा सभा अध्यक्ष विजय सिंह भाटी,सूरत शाखा अध्यक्ष जेठूसिंह चौहान,दमण शाखा अध्यक्ष नरपत सिंह पंवार, बैंगलोर शाखा सभा अध्यक्ष हेम सिंह , हैदराबाद अध्यक्ष टील सिंह ,चैन्नई अध्यक्ष हेम सिंह , बड़ौदा वरिष्ठ महामंत्री नटवर सिंह चौहान, सहमंत्री दौलत सिंह चौहान,युवा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान ,स्वाभिमानी संस्था अध्यक्ष तेजपाल सिंह शिशोदिया, भगौड़ा पूर्व सरपंच रतनसिंह, महासभा युवा संभाग अध्यक्ष डाऊ सिंह बासोर आदि थे। । पूर्ण वैदिक धर्म और मंत्रोच्चार के साथ मां आशापुरा मंदिर प्रांगण में हवन कार्यक्रम आयोजित कर अतिथियों की उपस्थिति में नव निर्मित मंदिर में पूजा अर्चना कर मां देवी की प्राण प्रतिष्ठा की गई । क्षित्रय रावत राजपूत समाज मुम्बई अध्यक्ष एवं पूरी कार्यकारिणी ने महासभा पदाधिकारियों और अन्य अतिथियों का परम्परागत ढोल वादन के साथ केशरीया दुपट्टा, पुष्प हार एवं फूलदस्ते से भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्ष ने अपने मुखार बिंदु से कहा कि मां आशापुरा मंदिर का निर्माण कर जीवन पर्यन्त मां की सेवा करना मेरा जीवन का उदेश्य था जो आज समठा समाज जनो की उपस्थिति में पूरा हुआ है। महासभा प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर नाथू सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक आदमी को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ साथ आध्यात्मिक मूल्यों को भी जीवित रखकर मानवीय मूल्यों को सरोकार करना चाहिए ।मंदिर निर्माण का ऐतिहासिक कार्य जो समाज ने किया है।

### अहिंसा यात्रा रैली निकाली

**कपासन,** (निसं)। शहीद दिवस पर कस्बे में आज गुरुवार को अहिंसा यात्रा का रैली निकाली गाया। रैली में शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु अमर रहे के नारे लगाए। गांधी दर्शन समिति और स्थानीय प्रशासन की ओर से आज शाहिद दिवस पर कस्बे के पांच बत्ती चौराहे से अहिंसा यात्रा का रैली शुरू हुई।रैली को गांधी दर्शन समिति के संयोजक शंकर लाल प्रजापत, सह संयोजक अंबालाल शर्मा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम सिंह चुंडावत गोपाल लाल शर्मा, प्रधानाचार्य दिनेश चंद, घनश्याम विजय वर्गीय अख्तर हुसैन हाजी अब्दुल रहमान और राजसमंद के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक घनश्याम गौड़ भी ने रैली को हरी झंडी दिखा रवाना किया। रैली में शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु अमर रहे आदि नारे लगा रहे थे। विद्यार्थियों को शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु के संबंध में जानकारियां प्रदान की गई। देश की आजादी में इनके योगदान और महत्व को बताया। रैली में कई स्कूलों के विद्यार्थी, समाज सेवी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। रैली में ब्लॉक स्तर के ब्लॉक लेवल के अधिकारी सहायक अभियंता विद्युत विभाग सहायक अभियंता जलदाय विभाग पालिका के कर्मचारी और आंगनवाडी के कार्यकर्ता सहयोगिनी और पर्यवेक्षक राजकुमारी कुमावत भी मौजूद रहे।

### पहला रोजा आज

**डूंगरपुर,** (निसं)। मुस्लिम समुदाय का पवित्र रमजान माह गुरूवार देर शाम को चांद के दिदार के साथ ही आतिशी अंदाज में स्वागत किया तथा एक दूसरे को रमजान माह के आरंभ की बधाई दी। रमजान माह के तहत एक माह तक धर्म प्रेमी रोजे रखकर मस्जिदो में इबादत करेंगे। जिसको लेकर शहर के घाटी स्थित मदिना मस्जिद, लालपुरा स्थित जामा मस्जिद, फराशवाडा स्थित शेख साहेबान की मस्जिद, नवाडेरा, शास्त्री कॉलोनी आदि मस्जिदों पर आकर्षक रोशनी की गई। पहली तराबी गुरूवार रात को अदा की गई तथा पहला रोजा शुक्रवार से शुरू होगा। जिसको लेकर धर्म प्रेमियो ने गुरूवार देर शाम को व्यापक खरीददारी भी की।

### रजनीश बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**बांसवाड़ा,** (निसं)। अखिल भारतीय क्षत्रिय मेवाडा कलाल युवा महासभा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश सिसोदिया ने जिले के मोटागांव सेंटर अध्यक्ष रजनीश रमेशचंद्र कलाल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। रजनीश की नियुक्ति पर मेवाडा कलाल समाज के युवाओं ने हर्ष जताया। ध्यान रहे कि रजनीश लंबे समय से समाजसेवा में जुटे हैं एवं जरुरतमंदों व समाज के लोगों की सेवा में अग्रणी रहते हैं। इसके अतिरिक्त भगवान सहस्त्र बाहु मंदिर आसन मठ में भी उनकी सेवाओं को देखते हुए यह नियुक्ति की गयी है।

## सर्वधर्म प्रार्थना कार्यक्रम

**कुशलगढ़,** (निसं)। शहीद हुए जवानों भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को शहीद दिवस पर अहिंसा मार्च सर्वधर्म प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया। एसडीएम कार्यालय से अहिंसा मार्च निकाला गया। जिसमें स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं और कई विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।अहिंसा मार्च एसडीएम कार्यालय से गांधी चौक तक पहुंचा। गांधीजी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। एसडीएम चन्द्रशेखर भंडारी ने कहा कि आजादी की इन महानायकों ने मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने बलिदान से देशवासियों में आजादी की भावना को और भी अधिक बढ़ाया। भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव भारत माता के सच्चे सपूत थे जिनका बलिदान युवाओं को देश के लिए सर्वस्व समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा।

# विधायक सुदर्शन सिंह रावत का किया स्वागत

**भीम,** (निसं)। उपखंड के कालादेह ठाम पंचायत अंतर्गत भोपातो का बाडिया में गुरुवार को विधायक सुदर्शन सिंह रावत का नागरिक अभिनंदन समारोह सम्पन्न हुआ। ग्रामीणों ने विधायक रावत का पुष्पहार साफा एवं पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक रावत के सम्मान में पुष्प वर्षा की। इस दौरान विधायक रावत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक रावत ने कहा कि आज के चार वर्ष पूर्व जब मुझे आपने जिम्मेदारी अपने वोट के माध्यम से दी। इस समय शिक्षा चिकित्सा सड़क बिजली पेयजल और तो और कानून व्यवस्था तक की भी हालात खराब थी। परन्तु चार वर्षो में प्रदेश की गहलोत सरकार के सानिध्य में मेरे कार्यकाल का हिसाब लगाओ तो चार वर्षो के कमाओ की सूची इतनी लंबी है कि हिसाब लगाते लगाते ही थक जाएंगे।विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने कहा आमजन की मांग कों लेकर कहा की आपकी सभी मांगो का क्रमबद्ध तरीके से समाधान करवाएंगे।


विधायक सुदर्शनसिंह रावत का नागरिक अभिनंदन किया।

# पशु आहार की आड़ में की जा रही 30 लाख की अवैध पकड़ी

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले की बिछीवाडा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बडी कार्यवाही करते एक ट्रक से 30 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी ने बताया की जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के निर्देशन में जिले में अवैध शराब कारोबारियों खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिछीवाडा पुलिस ने मुखबीर सूचना पर एनएच-8 हाईवे रतनपुर पुलिस चौकी के बाहर नाकाबंदी

■ बिछीवाड़ा पुलिस ने कार्यवाही को दिया अंजाम

के दौरान एक ट्रक आता हुआ नजर आया। जिसे रुकवाकर के चालक की पूछताछ करने पर संतोषप्रदाक जवाब नही मिलने पर पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली गई। ट्रक के तिरपाल को हटाकर देखा तो अंदर पशु आहार के कट्टों की आड में नीचे अंग्रेजी शराब के कार्टन नजर आए। गिनती करने पर कुल 401 कार्टन अंग्रेजी शराब व बीयर के पाए गए। पुलिस अवैध शराब को जब्त कर आरोपी हरिराम देवासी निवासी सिणला पुलिस थाना जेतारणा जिला पाली को गिरफ्तार किया। टीम में बिछीवाडा थाना अधिकारी अनिल देवल, हेड कांनि. गजराजसिंह, कांनि. सुनील जांगिड, श्यामलाल आदि मौजूद थे।


बिछीवाड़ा पुलिस ने पशु आहार की आड़ में अवैध शराब बरामद की।

## सार-समाचार

### जोशी के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर हर्ष



**मावली,** (निसं)। मावली चौराहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकप्रिय सांसद सीपी जोशी के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर आतिशबाजी करके हर्ष व्यक्त किया ।पूरे मावली में कार्यकर्ताओं ने हर्षोउल्लास से मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया। इस कार्यक्रम में मावली विधायक धर्मनारायण जोशी,विधानसभा प्रभारी दिनेश कावड़िया, पूर्व विधायक दलीचंद डांगी,जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह आसोलिया, जिला उपाध्यक्ष गणपत स्वर्णकार,मावली मण्डल अध्यक्ष रोशन लाल सुथार,पंचायत समिति नेता प्रतिपक्ष जीवन सिंह राव,घासा मंडल अध्यक्ष रतन सिंह कितावत,फतहनगर मंडल अध्यक्ष राधेश्याम बागला,डबोक मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह चुण्डावत,नितिन सेठिया,मुकेश खटीक,सुनिल डांगी, मावली मंडल महामंत्री गोपीलाल चौबीसा, कैलाश गाडरी,प्रमोद सामोता,युवामोर्चा अध्यक्ष मनोज पुजारी,महामंत्री सोहन गाडरी,उपाध्यक्ष बादल शर्मा,राहुल जैन,ओबीसी मण्डल अध्यक्ष छोगालाल जाट,भगवत सिंह गुर्जर,नंदलाल खटवड़,राकेश जैन,नरेश जोशी,बंशीलाल पालीवाल,डुंगर सिंह,मानाराम दांगी, अमरचंद जाट,लोगर भील,बाबुलाल गाडरी,गोपालपुरी गोस्वामी, बाबुलाल मेघवाल,महेंद्र सिंह साँखला, जयप्रकाश बोकड़िया,, मदन जाट, मनोज शोभवत,धीरज भट्ट,लखन सोनी और अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अपहरण की झूठी कहानी रची

**डूंगरपुर,** (निसं)। 12 वीं क्लास में पढने वाला एक लडका अपनी स्कूल में पढने वाली 11वीं क्लास की लडकी से प्यार करता था। युवक को डर था कि इस साल 12वीं का एग्जाम क्लीयर होने के बाद उसे प्रेमिका से अलग होना पडेगा। ऐसे में उसने फेल होने का प्लान बनायाए ताकि अगले साल अपनी प्रेमिका के साथ पढ सके। प्लान के मुताबिक विद्यार्थी बुधवार को परीक्षा देने के लिए घर से निकला, लेकिन परीक्षा सेंटर जाने के बजाय भाग कर अहमदाबाद चला गया। वहां से अज्ञात नंबरों से फोन कर पिता को किडनैप होने की बात कही। मामला डूंगरपुर जिले के दोवडा थाना इलाके का है। दोवडा थानाधिकारी ने बताया कि 17 साल का अनिल बदला हुआ नाम अपने नाना के पास रहकर 12 वीं क्लास में पढाई कर रहा है। उसके पास संस्कृत विषय है। बुधवार को उसका अंग्रेजी अनिवार्य का पेपर था। सुबह 7.3० बजे घर से पूंजपुर उच्च माध्यमिक स्कूल में परीक्षा देने के लिए निकला थाए लेकिन परीक्षा देने के लिए नहीं पहुंचा। इस पर 8 बजे स्कूल से परिजनों को फोन कर छात्र के परीक्षा देने के लिए स्कूल नहीं आने की बात कही। इस पर परिजन पुंजपुर पहुंचे और उसकी तलाश की। इस दौरान बस स्टैंड पर स्थित एक दुकान पर लगे सीसीटीवी फुटेज देखे तो उसमें लडका नजर आया। जब शाम 5 बजे तक उसकी कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजनों ने दोवडा थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इस दौरान परिजनों ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दिए। रात करीब 9 बजे छात्र ने अपने पिता को फोन किया और खुद के अपहरण होने की कहानी सुनाई। विद्यार्थी ने पुंजपुर बस स्टैंड पर स्थित एक दुकान से रुमाल खरीदा और फिर लिफ्ट लेकर दोवडा चला गया। विद्यार्थी ने पुंजपुर बस स्टैंड पर स्थित एक दुकान से रुमाल खरीदा और फिर लिफ्ट लेकर दोवडा चला गया।

### शहीद दिवस मनाया

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर शहीद दिवस के अवसर पर गुरूवार को शहीद पार्क शिवाजी नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू की स्मृति में अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) डॉ. शंकर यादव, विधायक गणेश घोघरा, अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमेन्द्र नागर, नगर परिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार उपखण्ड अधिकारी प्रवीण कुमार मीणा समाज कल्याण के उप निदेशक अशोक शर्मा,उप जिला प्रमुख सुरता परमार उर्मिला अहारी, महात्मा गांधी जिला दर्शन समिति सह संयोजक उमेश रावल सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी बजरंग चौक से शहीद भगतसिंह अमर रहे के नारों के बीच छात्र-छात्रा,एनसीसी, स्काउट, नेहरू युवा केन्द्र व गांधीवादी संस्थाओं के प्रतिनिधि के साथ रैली के रूप में शहीद पार्क पहुंचे। यहां भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में राज्य अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम आयोग के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) डॉ. शंकर यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के लिये अपने देश के लिये शहीद हुए। अंगेजों के अत्याचार के विरुद्ध ये तीनों जवान खडे हुए और उनका सामना किया। उनका बलिदान आज स्वतंत्रता से कार्य करने के लिये प्रेरित करता है। उन्होंने शहीदो को माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक गणेश घोघरा ने अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को नमन करते हुए कहा कि हम उनके त्याग बलिदान की वजह से ही आज स्वतंत्र हैं।

### महिला मण्डल का गठन

**डूंगरपुर,** (निसं)। बनकोडा की हवेली नागदा समाज के नोहरा में वीसा नागदा महिला मंडल 100 घरों की बैठक लक्ष्मी जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की तैयारी को लेकर चर्चा हुई सभी महिलाओं ने महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यत्र्क्रम स्वामीवात्सल्य प्रभात फेरी शोभायात्रा अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी लेने की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर संगम नागदा महिला मंडल का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से टूना जैन को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष लक्ष्मी जैन, प्रेमलता जैन सचिव, दीपिका जैन कोषाध्यक्ष, विमला देवी सांस्कृतिक मंत्री, मंजुला सेठ संगठन मंत्री विनीशा जैन, अनिता जैन, शीला जैन, जेवन्ति सडपावत, प्रेमलता पाटनशाह उपस्थित थी।

# नवसंवत्सर के स्वागत में आकर्षक रंगोलियों से सजा शहर

**राजसमंद,** (निसं)। भारत विकास परिषद के नव संवत्सर स्वागत कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार रात को आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के अंतर्गत शहर की विभिन्न संस्थाओं एवं समूहों ने लगभग 20 से अधिक स्थानों पर महिला सशक्तिकरण, वसुधैव कुटुम्बकम, नारी उत्थान, देश प्रेम, राम चरित्र, हिन्दू नववर्ष आदि अनेक प्रेरक विषयों से जुडी बहुत ही आकर्षक रंगोलिया बनाई। जिनका परिषद सदस्यों ने महिला एवं पुरुष सदस्यों की टोली बनाकर सामूहिक अवलोकन किया।

महिला प्रमुख निरुपमा धारीवाल ने बताया कि 100फीट रोड स्थित अमर जवान ज्योति उद्यान पर महिला सदस्यों की टीम ने 108 दीप प्रज्ज्वलित कर भारतमाता के जयघोष के साथ रंगोली प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। नवसंवत्सर प्रमुख संजय सांगानेरिया ने बताया कि श्रेष्ठ रंगोलियों के चयन के लिए के लिए चार-चार सदस्यों के 5 पर्यवेक्षक समूह बनाकर अनेक बिन्दुओं पर आधारित मूल्याङ्कन पत्रक भरे गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंट किए गए। रंगोली प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागियों में इतना उत्साह था कि परिषद के सदस्यों से लगातार संपर्क बनाते हुए उनके इन्तजार में देर रात तक बैठे थे। प्रतियोगिता में महेश्वरी समाज, अग्रवाल महिला मंडल, ज्ञान ज्योति विद्यालय, वन्दे सेवा संस्थान, शिक्षक संघ, गार्डन ग्रुप किशोरनगर, शिव कैलाश ग्रुप रेगर मोहल्ला, सनराइज पब्लिक स्कूल, विजय गोल्ड, एलएन ग्रुप एवं एलएन महिला मंडल बडा पाडा, कोणार्क आदि अनेक सामाजिक संस्थाओं, विद्यालयों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, युवा समूहों आदि के अतिरिक्त व्यक्तिगत रूप से भी अनेक युवाओं ने भाग लिया। नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को संबोधित करते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश मित्तल ने बताया कि परिषद की रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन आमजन में हिन्दू नववर्ष के प्रति जागरूकता के साथ ही शहर भर में परिषद की विशिष्ट पहचान कायम करता है।



राजसमंद में भाविप द्वारा आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के अंतर्गत अखंड भारत माता की रंगोली बनाई।

नव वर्ष 2080 के प्रथम दिवस बुधवार शाम को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने पुरानी सब्जी मंडी के बाहर अखंड भारत माता की रंगोली पर 1०1 दीपक जलाकर नव वर्ष का स्वागत किया। नव वर्ष कार्यक्रम के जिला प्रभारी, पूर्व जिला मंत्री राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि पूर्व जिलाध्यक्ष गिरिजा शंकर पालीवाल, प्रभु गिरी गोस्वामी और राधेश्याम शर्मा के सानिध्य में अखंड भारत माता की रंगोली बनाई गई और नव वर्ष का स्वागत किया गया। इस दौरान जिला मंत्री नारायण सिंह चुंडावत, पूर्व जिला मंत्री महेंद्र सिंह राव, महिला मंत्री मधु पालीवाल, सतीश आचार्य ,अशोक पालीवाल आदि मौजूद रहे।

## सी.एल.जी. की बैठक आयोजित

**भीम,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने गुरुवार को भीम थाने में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने , अपराध पर नियंत्रण एवं रोकथाम को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक ली। उपखंड अधिकारी उमेदसिंह राजावत पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़ सीआई संगीता बंजारा आदि की मौजूदगी में आयोजित बैठक के दौरान समाजसेवी गोपालसिंह पीटीआई, कालादेह सरपंच बलवीरसिंह युवा समाजसेवी प्रकाशसिंह, पूर्व तहसीलदार मदनलाल जीनगर आदि सहित कई नागरिकों ने एसपी जोशी को बताया कि क्षेत्र में सोशल मीडिया पर प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं प्रबुद्ध नागरिकों के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां तथा साइबरक्राइम के अपराधियों पर सख्त कार्यवाही, क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय सहित कई छोटे-मोटे राजस्व गांव में संचालित अवैध शराब की ब्रांच को बंद करने, कस्बे के आसपास के होटलों एवं ढाबों में शराब की अवैध बिक्री के साथ ही आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण आदि विभिन्न मुद्दों को लेकर अवगत कराया। जिस पर एसपी सुधीर जोशी ने पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह राठौ, सीआई संगीता बंजारा आदि अधिकारियों को निर्देश दिया।

# दीया ने 11 ट्रेनों के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव की मांग की

**राजसमंद,**(निसं)। सांसद दीया कुमारी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के संबंध में पत्र सौंपकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर वार्ता की। मुलाकात के दौरान सांसद दीया कुमारी ने मावली -मारवाड के प्रथम चरण के लिए स्वीकृति प्रदान करने के लिए आभार ज्ञापित करते हुए शीघ्र ही शिलान्यास करने तथा द्वितीय चरण में देवगढ से बर तक के कार्य को जल्द स्वीकृत करने का आग्रह किया।

सांसद ने पुष्कर से मेडता का कार्य शुरू करवाने तथा बर से बिलाडा व रास से बिलाडा नवीन लाइनों की स्वीकृति के लिए प्रक्रिया शुरू करवाने का भी आग्रह किया। मुलाकात के दौरान ही सांसद दीया कुमारी ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से लोकसभा क्षेत्र में गाडी संख्या 14813 एवं 19225 का ठहराव रेलवे स्टेशन गोटन पर। गाडी संख्या 14853 और 2०481 का ठहराव रेन स्टेशन पर। गाडी संख्या 12489 का मेडता रोड पर। गाडी संख्या 12323 और ०2323 का ठहराव डेगाना स्टेशन पर। गाडी संख्या 15269 और 12215 का ठहराव ब्यावर स्टेशन पर। गाडी संख्या 14813 का ठहराव जालसू और खेडूली स्टेशन पर एवं गाडी संख्या 19०31 का ठहराव सेंदडा स्टेशन पर करने का आग्रह किया। पांच ट्रेनों को मिली तुरंत स्वीकृति : रेलमंत्री वैष्णव ने पांच ट्रेनों -बीकानेर दादर का मेडता रोड, हावडा -बाडमेर का डेगाना, जोधपुर - भोपाल, जोधपुर -जम्मू तवी का गोटन एवं जोधपुर -भोपाल का जालसू स्टेशन पर ठहराव की स्वीकृत प्रदान करते हुए सांसद को आश्वस्त किया कि अन्य ट्रेनों के ठहराव की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी की जाएगी। इस पर सांसद ने रेलमंत्री का आभार व्यक्त किया।


सांसद दीया कुमारी ने विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की।